an>

Title: Need for upgradation of postal services in Kanker Parliamentary Constituency of Chhattisgarh.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): अध्यक्ष महोदया, छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में पोस्ट ऑफिस की व्यवस्था ठीक नहीं है। वहां पर प्रत्येक जिला मुख्यालय में भवन वगैराह की कमी तो है ही साथ ही साथ जो विकासखण्ड मुख्यालय और तहसील मुख्यालय हैं, वहां पर भी भवन वगैराह नहीं होने से पोस्ट ऑफिस प्रॉपरली संचालित नहीं हो पा रहा है। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से वहां पर पंचायतों की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन, मनरेगा का भुगतान, आधार कार्ड का वितरण आदि ऐसे बहुत सारे काम किए जाते हैं। लेकिन भवन वगैरह नहीं होने कारण ये सारे काम-काज ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे हैं तथा उनके बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है।

महोदय, बस्तर संभाग जो केरल राज्य से बड़ा संभाग है, वहां पर जिला मुख्यालय जैसे कुंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा आदि जैसी जगहों में पोस्ट ऑफिस या कोई भवन नहीं है। मेरा कहना है कि वहाँ पोस्ट ऑफिस की व्यवस्था ठीक ढंग से संचालित हो। बहुत सारे विकास खण्ड मुख्यालय वगैरह में बैंकों की व्यवस्था नहीं है। पोस्ट ऑफिस के लिए देश की आजादी के बाद वहाँ पर भवनों का निर्माण नहीं हो पाया। वहाँ भवनों का निर्माण कर ठीक से पोस्ट ऑफिस की व्यवस्था की जाए। यह मेरी माँग है।